# कार्यालय पुलिस उपायुक्त (अपराध), पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

## प्रेस नोट

दिनांक- 24.10.2025

**विषय:- SOG-2 की ऑनलाइन लॉटरी के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही।**

- **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन एवं DCP क्राइम श्री सर्वणन टी. के नेतृत्व में SOG-2 टीम की एक और महत्वपूर्ण कार्रवाई।**
- **थाना भेलूपुर क्षेत्र के सराय नंदन में भाग्यलक्ष्मी नामक वेबसाइट के माध्यम से चल रही थी प्रतिबंधित ऑनलाइन लॉटरी।**
- **SOG-2 टीम ने गुप्त रेकी कर पुख्ता जानकारी जुटाई और सही समय पर छापेमारी की।**
- **मौके से प्रतिबंधित लॉटरी में पैसा लगाने वाले 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।**
- **SOG-2 टीम निरंतर अनैतिक एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर रही है।**
- **बरामदगी: ₹5,200 नकद, 01 कीपैड फोन और नोटबुक व कैलकुलेटर।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तः-**
  - **अबरार पुत्र हासिम निवासी किरैया लखिपुर महफूज नगर खोजवा भेलूपुर, उम्र 46 वर्ष।**
  - **भानू रामपाल पुत्र मगनि राम पाल निवासी सराय नंदन खोजवा भेलूपुर, उम्र 48 वर्ष।**
  - **महेन्द्र सेठ पुत्र संतोष सेठ निवासी सराय नंदन खोजवा भेलूपुर, उम्र 28 वर्ष।**
  - **शमशेर पुत्र मदीन निवासी निवासी सराय नंदन खोजवा भेलूपुर, उम्र 44 वर्ष।**

पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन एवं DCP क्राइम श्री सर्वणन टी. के नेतृत्व में SOG-2 टीम ने ऑनलाइन जुआ-सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध एक बड़ी कार्यवाही की। थाना भेलूपुर क्षेत्र के सराय नंदन में सार्वजनिक स्थान पर

भाग्यलक्ष्मी नामक वेबसाइट के माध्यम से संचालित प्रतिबंधित ऑनलाइन लॉटरी का पर्दाफाश करते हुए टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मौके से चार आरोपियों अबरार, भानू रामपाल, महेन्द्र सेठ और शमशेर को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान ₹5,200 नकद, एक कीपैड फोन, नोटबुक और कैलकुलेटर बरामद किए गए। SOG-2 टीम द्वारा यह प्रभावी कार्रवाई अनैतिक व अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान का हिस्सा है।

**मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त (अपराध),**
**वाराणसी।**